राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–210/2023

राज्यपाल से वियतनाम के 19 सदस्यीय शिष्टमंडल ने मुलाकात की

पटना, 26 जुलाई 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर से राजभवन, पटना में लाओ काई प्रोविन्स, वियतनाम के पार्टी सेन्ट्रल कमिटी के सदस्य एवं लाओ काई प्रोविन्सियल पार्टी कमिटी के सचिव महामहिम श्री डांग जुआन फोंग के नेतृत्व में 19 सदस्यीय शिष्टमंडल ने मुलाकात की।

राज्यपाल ने शिष्टमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि भारत और वियतनाम के संबंध पुराने हैं और भारत वियतनाम का काफी सम्मान करता है। दोनों देशों के लोगों की सोच और आकांक्षाओं में भी समानता है। हम चाहते हैं कि दोनों देश साथ मिलकर कार्य करें और समृद्ध बनें। सांस्कृतिक, व्यापार व वाणिज्य तथा अन्य क्षेत्रों में भारत एवं वियतनाम की साझेदारी हो सकती है।

राज्यपाल ने भगवान बुद्ध की चर्चा करते हुए कहा कि उन्हें बिहार के बोधगया में ज्ञान की प्राप्ति हुई थी और पूरे विश्व के बौद्ध धर्मावलम्बी वहाँ आते हैं।

....